# (2022-23)

# प्री-बोर्ड परीक्षा

समय : 3.00 hrs. कक्षा : 10th पूर्णांक : 70

विषय : हिन्दी

---

*नोट- सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं।*

## खण्ड-'अ'(बहुविकल्पीय प्रश्न)

*निर्देश- सही उत्तर विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. निम्नलिखित कथनो में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिये-
(क) रामविलास शर्मा कवि के रूप प्रसिद्ध हैं
(ख) डॉ. श्यामसुन्दर एक कवि के रूप में प्रसिद्ध हैं
(ग) कामायनी रचना मुंशी प्रेमचन्द की है
(घ) मित्रता निबन्ध के लेखक आचार्य रामचन्द शुक्ल

2. सबसे भयानक ज्वर होता है-
Gyansindhuclasses
(क) मित्रता का (ख) शत्रुता का (ग) कुसंग का (घ) क्रोध का

3. जयशंकर प्रसाद का जन्म स्थान है--
(क) काशी (ख) मथुरा (ग) अयोध्या (घ) लखनऊ

4. अहिंसा का दूसरा नाम या दूसरा रूप है-
(क) स्वार्थ (ख) त्याग
(ग) विरोधाभास (घ) संस्कृति

5. जीरादेई गाँव से किसका सम्बन्ध है-
(क) प्रेमचन्द का (ख) डॉ. राजेन्द प्रसाद का
(ग) जयप्रकाश भारती का (घ) जयशंकर प्रसाद का

6. महाकाव्य में कम से कम सर्ग होते हैं-
(क) बारह (ख) दस (ग) तेरह (घ) आठ

7. 'खुमाण रासो' के रचनाकार है-
(क) जगनिक (ख) महादेवी वर्मा
(ग) दलपति विजय (घ) जय प्रकाश भारती

8. कवि विहारी की प्रमुख रचना है-
(क) गंगा लहरी (ख) वैदेही वनवास
(ग) रस मीमांसा (घ) सतसई

9. आधुनिक युग की मीरा हैं–

(क) मीराबाई (ख) सुभद्राकुमारी चौहान 1.

(ग) इनमें से कोई नहीं (घ) महादेवी वर्मा

10. छायावादी युग की रचना नहीं है–

(क) साकेत (ख) कामायनी (ग) आँसू (घ) झरना

11. सूरदास की मृत्यु हुई–

(क) सन् 1583 ई. में (ख) सन् 1593 ई. में

(ग) सन् 1578 ई. में (घ) सन् 1538 ई. में

12. 'ऊधौ मोहि ब्रज बिसरत नाहीं' यह किसने कहा?

(क) राधा (ख) श्रीकृष्ण (ग) यशोदा (घ) गोपियाँ

13. तुलसीदास किस काल के कवि थे?

(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल (ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल

14. 'गागर में सागर भरना' सूक्ति किस कवि के लिए प्रसिद्ध है?

(क) तुलसी (ख) कबीर (ग) बिहारी (घ) सूरदास

Gyansindhuclasses

15. रसखान की भाषा है–

(क) कन्नौजी (ख) अवधी (ग) ब्रजभाषा (घ) बुन्देली

16. 'स्वागतम्' का सन्धि-विच्छेद है– 2

(क) सु+आगतम् (ख) सो+आगतम्

(ग) स्व+आगतम् (घ) सवा+आगतम्

17. 'रात' का पर्यायवाची है–

(क) बाधा (ख) रजनी (ग) रजनीपति (घ) निशाकर

18. 'चरण कमल बन्दौ हरिराई' पद में अलंकार है–

(क) उपमा (ख) उत्प्रेक्षा (ग) रूपक (घ) श्लेष

19. माता-पिता में समास है–

(क) द्विगु समास (ख) अव्ययीभाव समास

(ग) कर्मधारय समास (घ) द्वन्द्व समास

20. 'पठसि' शब्द में लकार है–

(क) लृट् लकार (ख) लङ् लकार

(ग) लोट् लकार (घ) लट् लकार

## खण्ड-'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

रोहतास दुर्ग के प्रकोष्ठ में बैठी हुई युवती ममता, शोण के तीक्ष्ण गम्भीर प्रवाह को देख रही है। ममता विधवा थी, उसका यौवन शोण के समान ही उमड़ रहा था। मन में वेदना, मस्तक में आँधी, आँखों में पानी की बरसात लिए वह सुख के कंटक शयन में विकल्प थी। वह रोहतास-दुर्गपति के मंत्री चूड़ामणि की अकेली दुहिता थी फिर उसके लिए कुछ अभाव होना असम्भव था। परन्तु वह विधवा थी- हिन्दू विधवा संसार में तुच्छ निराश्रय प्राणी है, तब उसकी विडम्बना का कहाँ अन्त था?

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिये।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) ममता के लिए कुछ अभाव होना क्यों असम्भव था?

अथवा

आज हम इसी निर्मल, शुद्ध, शीतल और स्वस्थ अमृत की तलाश में हैं और हमारी इच्छा, अभिलाषा और प्रयत्न यह है कि वह इन सभी अलग अलग बहती हुई नदियों में अभी भी उसी तरह बहता रहे और इनको वह अमर तत्व देता रहे, जो जमाने के हजारों थपेड़ों को बरदाश्त करता हुआ भी आज हमारे अस्तित्व को कायम रखे हुए है और रखेगा।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) हमारे अस्तित्व को क्या कायम रखे हुए है?

Gyansindhuclasses

2. **निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक आधारित प्रश्नों के उत्तर दो-**

ऊधौ मोहिं ब्रज बिसरत नाहीं।
बृन्दावन गोकुल वन, उपवन, सघन कुंज की छाँही।
प्रात समय माता जसुमति अरु नंद देखि सुख पावत।
माखन रोटी दह्यौ सजायौ अति हित साथ खवावत।
गोपी ग्वाल बाल संग खेलत, सब दिन हँसत सिरात।
सूरदास धनि-धनि ब्रजवासी, जिनसौं हित जदु जात।

(क) प्रस्तुत पंक्तियों का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित पंक्ति की व्याख्या कीजिए।

(ग) सूरदास ने ब्रजवासियों को धन्य क्यों कहा है?

अथवा

जप, माला, छापा, तिलक, सरै न एकौ कामु।
मन-काँचै नाचे वृथा, साँचे राँचै रामु।।

(क) प्रस्तुत काव्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) व्यक्ति का मन कब व्यर्थ में ही नाचता है?

(ग) राम कब प्रसन्न होंगे?

3. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए-
(i) जयशंकर प्रसाद (ii) आचार्य रामचन्द शुक्ल (iii) डॉ. राजेन्द प्रसाद

(ख) **निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय दीजिए-**
(i) सूरदास (ii) गोस्वामी तुलसीदास (iii) विहारीलाल

4. **निम्नलिखित संस्कृत पंक्तियों का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए-**

अपदो दूरगामी च साक्षरो न च पण्डितः।
अमुखः स्फुटवक्ता च यो जानाति स पण्डितः।।

अथवा

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणी पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भाग् भवेत्।।

5. अपनी पाठ्य पुस्तके से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो।

6. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दो-**
(क) वाराणसी कस्याः भाषायाः केन्द्र स्थलम् अस्ति?
Gyansindhuclasses
(ख) ज्ञानं कुत्र सम्भवति?
(ग) चन्द्रशेखरस्य पितुः किं नाम?
(घ) किंस्विद् गुरुतरा भूमेः?

7. **अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी का उत्तर दीजिए-**
(क) ~~कर्मवीर भरत~~ खण्डकाव्य के आधार पर कैकेयी का चरित्र चित्रण संक्षेप मे दीजिए।
(ख) ~~कर्मवीर भरत~~ खण्डकाव्य के आधार पर भरत का चरित्र चित्रण संक्षेप में दीजिए।

8. (क) उपमा अलंकार का एक उदाहरण लिखो।
(ख) सोरठा छन्द का एक उदाहरण लिखो।
(ग) हास्य रस का एक उदाहरण लिखो।

9. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए-**
(क) विज्ञान की देन (ख) पर्यावरण प्रदूषण (ग) बेरोजगारी की समस्या